सूरतगढ़ फार्म में उत्पादित बीज

871. **श्री मनफूल सिंह चौधरी:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सूरतगढ़ के यन्त्रीकृत फार्म में कितने बीज का वार्षिक उत्पादन हो रहा है और उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह बीज रियायती दरों पर समीपवर्ती किसानों को बेचा जाता है;

(ग) यदि हां, तो उसका विवरण क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो तत्ससम्बंधी कारण क्या है?

कृषि और ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्री (श्री बीरेन्द्र सिंह राव): (क) गत तीन वर्षों के दौरान सूरतगढ़ यंत्रीकृत फार्म में उत्पादित विभिन्न फसलों के बीजों की मात्रा संलग्न विवरण में दी गई है।

(ख) से (घ). तिलहनों को छोड़कर केन्द्रीय यंत्रीकृत फार्म, सूरतगढ़ में उत्पादित सभी बीज राजस्थान राज्य बीज निगम तथा राष्ट्रीय बीज निगम को ऐसी दरों पर बेचे जाते हैं, जो इन निगमों द्वारा निर्धारित की जाती हैं। इन निगमों द्वारा ये बिज बिना राज सहायता के किसानों को बेचे जाते हैं। 1978-79 के दौरान (1979-80 के दौरान प्रयोग करने के लिए) फार्म द्वारा उत्पादित दिलहनों के कुल 42,700 क्विंटल बीजों में से 5320 क्विंटल बीज राजस्थान राज्य में किसानों में वितरण करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गई 150 रुपए प्रति क्विंटल की राज सहायता पर राजस्थान सरकार को बेचे गए थे।

विवरण

गत तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय राज्य फार्म, सूरतगढ़ में उत्पादित बीज की मात्रा को प्रदर्शित करने वाला विवरण

(उत्पादन क्विंटल में)

क्रम सं०	फसल	1976-77	1977-78	1978-79
1	धान	42,554	74,260	50,915
2	गेहूं	47,692	37,246	48 100
3	चना	25,344	25,122	42,700
4	अन्य	738	--	150
	योग	1,16,328	1,36,628	1,41,865

सूरतगढ़ यंत्रीकृत फार्म के लिये ट्रैक्टर किराये पर लेना

872. **श्री मनफूल सिंह चौधरी:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कृषि कार्यों के लिये सूरतगढ़ यंत्रीकृत फार्म के लिये गत दो वर्षों में गैर-सरकारी ट्रैक्टर किराये पर लिये गये थे;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) ट्रैक्टर किराये पर लेने पर कितनी धनराशि खर्च की गई तथा इस बारे में अन्य ब्यौरा क्या है?

कृषि तथा ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्री (श्री बीरेन्द्र सिंह राव): (क) जी हां ।

(ख) फार्म में मशीनें उपलब्ध न होने के कारण, कुछ आवश्यक कृषि कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए कुछ प्राइवेट ट्रैक्टरों को किराए पर लेना पड़ा।